**BCM SCHOOL, BASANT AVENUE, DUGRI**
**CLASS- II SESSION 2026-27**
**(Hindi ) ASSIGNMENT 2**

**i)निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़ कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनो:-**

आयुष अपनी दादी के साथ गाँव गया। सुबह उसने देखा कि नल खुला हुआ था। आयुष ने दादी से पूछा, "दादी, नल बंद क्यों नहीं है?" दादी ने नल बंद किया और बोलीं, "बेटा, पानी की हर बूँद बहुत कीमती है।" आयुष ने देखा कि कुछ लोग बाल्टी भरने के बाद भी नल खुला छोड़ देते हैं। उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर लोगों को पानी बचाने के लिए समझाया। उन्होंने एक पोस्टर बनाया–"पानी बचाएँ, भविष्य बचाएँ।" धीरे-धीरे गाँव के बच्चों ने भी पानी बचाना शुरू कर दिया। अब वे दाँत साफ़ करते समय नल बंद रखते और ज़रूरत के अनुसार ही पानी लेते थे।

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए**

**1. आयुष कहाँ गया था?** उत्तर: गाँव

**2. दादी ने क्या कहा?** उत्तर: पानी की हर बूँद कीमती है।

**3. आयुष ने लोगों को क्या समझाया?** उत्तर: पानी बचाने के लिए

**4. बच्चों ने क्या बनाया?** उत्तर: पोस्टर

**5. इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?** उत्तर: पानी बचाना चाहिए।

**ii) सही विलोम शब्द पर गोला लगाओ।**

**अच्छा → बुरा / तेज / मोटा** उत्तर: बुरा

**नया → साफ़ / सुंदर / पुराना** उत्तर: पुराना

**मीठा → खट्टा / ऊपर / ठंडा** उत्तर: खट्टा

**iii) रेखांकित शब्दों का पर्यायवाची लिखकर वाक्य दोबारा लिखो ।**

**क) रात में चंद्रमा चमक रहा है। उत्तर:- रात में चाँद चमक रहा है।**

**ख) बगीचे में फूल खिले हैं। उत्तर बगीचे में सुमन खिले हैं।**

**ग) पेड़ पर फल लगे हैं। तरु पर फल लगे हैं।**

**iv) उचित विराम चिह्न लगाओ।**

1मेरा नाम राधा है  उत्तर: मेरा नाम राधा है।

2 तुम घर कब जाओगे  उत्तर: तुम घर कब जाओगे?

3 माँ बाजार से दाल चावल और सब्ज़ी लाई

उत्तर माँ बाजार से दाल, चावल और सब्ज़ी लाई।

**v) निम्नलिखित अंको का सही शब्दों से मिलान करें।**

i) 20 ग्यारह ii)

ii) 11 सत्रह iv)

iii)14 बीस i)

**iv)17 चौदह iii)**

**vi) उचित सर्वनाम लिखकर वाक्य पूरा करो:-**

क) वह मेरा भाई है ।( हम/ वह)

ख) तुम बाजार जाकर चीनी ले आओ। (तुम/ इन्हें)

ग) मेरा घर बहुत बड़ा है ।(मेरा/ मैं)

**सही विकल्प चुनो-**

**vii)** "राम और मोहन खेल रहे हैं।" इनके लिए सही सर्वनाम है–

वह वे मैं

**viii)** "_______ मेरी बहन हो।"

वह हम तुम

**ix)**"_______ रोज़ पढ़ाई करते हैं।"

मैं हम वह

**x)** उन्नीस के बाद ________आता है। उत्तर: बीस

अठारह सोलह बीस